प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा बजट सत्र की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न, 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलने वाले सत्र के सुचारू संचालन पर हुई चर्चा।
- रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सरायकेला खरसावां जिले की दिशा बैठक में कहा–योजनाओं में लापरवाही बरतने पर हो कठोर कार्रवाई।
- जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में दो गिरफ्तार, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–यह राज्य सरकार की नाकामी।
- खूंटी में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया गोदाम निर्माण का शिलान्यास, कहा–लाह उत्पादन और चलंत कोल्ड स्टोरेज को दिया जाएगा बढ़ावा। और,
- झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर बरक़रार, मौसम विभाग ने 14 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का जारी किया अलर्ट।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की तैयारी को लेकर विधानसभा में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री सहित कांग्रेस के भी कई नेता शामिल हुए। बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा और इसे सुचारू रूप से चलाने पर चर्चा हुई। 3 मार्च को झारखण्ड का बजट पेश किया जायेगा। भाजपा की ओर से प्रतिनिधि के तौर पर जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर बैठक में शामिल हुए। विपक्षी दलों की अनुपस्थिति पर विधानसभा अध्यक्ष ने सभी के सहयोग की अपेक्षा जताई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सदन में उठने वाले हर सवाल का जवाब देने के लिए सरकार तैयार है।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सरायकेला खरसावां जिले में दिशा की बैठक के दौरान निर्माण कार्यों में अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से दी जाए। साथ ही गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

*******************

जैक बोर्ड की दसवीं परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में कोडरमा पुलिस ने व्हाट्सएप और यूट्यूब पर प्रश्न पत्र वायरल करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर गढ़वा जिले से प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन परीक्षार्थियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मामले में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इसे झारखंड सरकार की विफलता बताते हुए कड़ी जांच की मांग की है।

*******************

राजधानी रांची के झारखंड जगुआर मुख्यालय में 17वां स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें झारखंड जगुआर जवानों ने नक्सली ऑपरेशन का मॉक ड्रिल किया। मौके पर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने झारखंड जगुआर को नक्सल विरोधी अभियान और बम निरोधक कार्यों में सर्वश्रेष्ठ दस्ता बताया।

*******************

रांची और धनबाद में कल श्रम विभाग द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में कई बड़ी कंपनियां भाग लेंगी जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उम्मीदवारों को बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज साथ लाने होंगे।

*******************

खूंटी में आज किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अम्मा लैंपस लिमिटेड में 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड में छोटे किसानों के लिए चलंत कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था होगी, साथ ही खूंटी में लाह उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

*******************

बोकारो स्टील सिटी स्थित जवाहर लाल नेहरू जैविक उद्यान में पक्षियों के लिए कृत्रिम घोंसला लगाने का काम किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कल पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने महिला प्रताड़ना और अनुसूचित जनजाति मामले में 60 दिनों के भीतर कार्रवाई का निर्देश दिया। ब्योरे के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- भारतीय जीवविज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणवादी असम की पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम पत्रिका द्वारा वुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। 45 वर्षीय पूर्णिमा देवी इस सूची में एकमात्र भारतीय महिला है।
- रामगढ़ जिले में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। बैठक में नमामि गंगे योजना के तहत मार्च महीने की गतिविधियों पर चर्चा हुई।
- पूर्वी सिंहभूम जिले में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 9675 योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया गया।

*******************

झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कल राज्य के 14 जिलों–पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, दुमका, जामताड़ा, और लोहरदगा में ओलावृष्टि के साथ तेज हवा चलने की संभावना जताई है।

*******समाप्त********